# शान्ती समाज सेवी समिति, 2/377 खतराना स्ट्रीट फर्रूखाबाद (उ0प्र0)

## प्रस्तावित कार्ययोजना – स्वास्थ्य मेला (Health Camp)

### कार्यस्थल– समस्त भारतवर्ष

1– प्रस्तावित कार्य योजना– किसी भी व्यक्ति को पूर्ण रूप से स्वस्थ तभी कहा जा सकता है जब उसका तन और मन दोनों ही स्वस्थ और निरोगी हों। इसी अभिप्राय से संस्था द्वारा भारतवर्ष के समस्त 29 प्रान्तों में स्वास्थ्य मेले आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य मेलों में आने वाले स्थानीय जनसमुदाय की निःशुल्क ऑख, कान, गला, शुगर, कॉलस्ट्राल, कैन्सर, हृदय रोग, टी0वी0, मलेरिया, टाइफाइड, फेफड़ों आदि की स्थानीय स्तर पर जितनी भी सम्भव हो सकेगी, वह जॉचें, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टुल टेस्ट द्वारा, ई0सी0जी0 मशीन, बी0पी0 मशीन, एक्स–रे मशीन द्वारा कराई जायेगी तथा रिपोर्ट के आधार पर लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार दवाईयॉ निःशुल्क वितरित की जायेगी। गर्भवती महिलाओं की जॉच भी की जायेगी तथा 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण भी किया जायेगा। प्रत्येक मेले में मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों को भी आमन्त्रित किया जायेगा।

स्वास्थ्य मेले में नैतिक जागृति शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। जिसके माध्यम से विशेषकर किशोर किशोरियों एवं युवक युवतियों को चरित्र निर्माण, स्वप्रबन्धन, व्यक्तित्व विकास, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, कन्या–भ्रूण हत्या रोकने, ग्राम स्वच्छता, गृह स्वच्छता, धार्मिक सौहार्द्र, सर्वधर्म समभाव द्वारा अपने चारों ओर आध्यात्मिक वातावरण बनाकर एक सम्पूर्ण सुखमय जीवन निर्माण की जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके लिये मेले में हर क्षेत्र के विषय–विशेषज्ञों को आमन्त्रित किया जायेगा।

2– स्वास्थ्य मेले की अवधि–04 दिन

3– एक प्रान्त में आयोजित किये जाने वाले प्रस्तावित स्वास्थ्य मेलों की संख्या–100

4– भारतवर्ष के समस्त 29 प्रान्तों में आयोजित किये जाने वाले कुल स्वास्थ्य मेलों की संख्या (29×100) – 2900

5– एक स्वास्थ्य मेले पर होने वाला अनुमानित व्यय– 2,00,00,000(दो करोड़ रूपये मात्र)

6– परियोजना का कियान्वयन– किसी भी जनपद में मेलों के आयोजन से एक माह पूर्व वातावरण निर्माण का कार्य सम्पन्न किया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक प्रदेश स्तर पर एक प्रोजेक्ट डायरेक्टर, प्रत्येक जिले में एक डिस्ट्रिक कोआर्डिनेटर तथा पॉच फील्ड ऑफीसरों की नियुक्ति अस्थाई रूप से की जायेगी। यह सभी लोग परियोजना के प्रचार–प्रसार हेतु हर जनपद में प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगवायेंगे तथा जनपद के प्रमुख बाजार–हाट, स्कूल, कॉलेज, ऑगनबाड़ी केन्द्रों, जनपद मुख्यालयों पर बैनर–पोस्टर के

SECRETARY
Shanti Samaj Sevi Samiti
2/377 Khatrana, Farrukhabad

S. Bhushan Kumar & Associates * Chartered Accountants
509144

Scanned with CamScanner

साथ–साथ परचे / पैम्पलेट वितरित करवायेंगे जिससे कि जन–जन को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों की पूर्व से ही विधिवत जानकारी हो जायेगी। प्रदेश स्तरीय इस टीम द्वारा एक कैलेण्डर ऑफ प्रोग्राम प्रारम्भ में ही तैयार किया जायेगा। जोकि हर जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों डी0एम0, ए0डी0एम0, एस0डी0एम0, सी0एम0ओ0, पी0एच0सी0 इन्चार्ज, एम0ओ0आई0सी0, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ए0एन0एम0, आशा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान आदि को मेलों के आयोजन से पूर्व ही उपलब्ध करा दिया जायेगा तथा उनसे वांक्षित सहयोग हेतु अनुरोध किया जायेगा। इससे मेलों में अधिक से अधिक जनसंख्या का आना सुनिश्चित होगा। विकास खण्ड / ब्लॉक स्तर पर मेला आयोजन से पूर्व ब्लॉक कोआर्डिनेटरों की नियुक्ति अस्थाई रूप से की जायेगी जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

स्वास्थ्य मेलों में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एलोपैथिक डॉक्टर, नर्स, कम्पाउण्डर, ए0एन0एम0, आशाओं की उपस्थिति हेतु अनुरोध किया जायेगा, क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी अधिकारी से आयुर्वेद यूनानी डॉक्टरों की उपस्थिति हेतु अनुरोध किया जायेगा, जिला होम्योपैथी अधिकारी द्वारा होम्योपैथिक डॉक्टरों, कम्पाउडरों की उपस्थिति हेतु अनुरोध किया जायेगा। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय प्राइवेट प्रेक्टिस करने वाले विख्यात डॉक्टरों एवं मनोवैज्ञानिकों, प्रतिष्ठित समाज सेवियों, आध्यात्मिक वक्ताओं, राष्ट्रोय पुरूस्कार प्राप्त लोगों, सम्बन्धित विभाग के डायरेक्टर, सचिव, मन्त्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, क्षेत्रीय सांसदों, विधायकों, अवकाश प्राप्त अधिकारियों, चेयरमैन आदि को भी आमंत्रित किया जायेगा। मेले में आने वाले मरीजों को बीमारी से सम्बन्धित जॉच के उपरान्त अधिकतम एक माह की दवाई निःशुल्क दी जायेगी, एक माह की दवाई के बाद आवश्यकतानुसार वह सरकारी अस्पताल से सेवायें प्राप्त करते रहेंगे। इसकी विस्तृत जानकारी मरीजों को हेल्थ कैम्प में दे दी जायेगी।

स्वास्थ्य मेलों का आयोजन जनपद के अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों, मलिन बस्तियों में प्राथमिकता से किया जायेगा। स्वास्थ्य मेलों में आने वाले निर्धन / गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले लोगों एवं रोगियों को रोग से सम्बन्धित दवाइयों के साथ–साथ वस्त्र, खाद्य–सामग्री, जूता, चप्पल, कम्बल, रजाई, बच्चों के स्कूल बैग, कॉपी–किताब, धूम्र रहित चूल्हा तथा जीवन–यापन हेतु कोई भी अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया जायेगा। मेले के आयोजन से पूर्व क्षेत्रीय सर्वे के समय इसकी सूची तैयार कर ली जायेगी। एक मेले में अनुमानतः 5000 लोगों का आगमन होगा। सभी आगन्तुकों हेतु भोजन की व्यवस्था भी की जायेगी। परियोजना का संचालन देश–विदेश से प्राप्त दान (Donation) अथवा भारत सरकार से प्राप्त अनुदान से किया जायेगा जिसके समस्त आय–व्यय का हिसाब चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से ऑडिट कराने के उपरान्त आयकर विभाग भारत सरकार को नियमित प्रस्तुत किया जाता रहेगा। प्राप्त होने वाले डोनेशन अथवा अनुदान के अनुसार परियोजना का संचालन निरन्तर किया जाता रहेगा।

SECRETARY
Shanti Samaj Sevi Samiti
2/377 Khatrana, Farrukhabad

S. Bhushan Kumar & Associates
Chartered Accountants
Delhi
509454

Scanned with CamScanner

7– <u>एक मेले पर होने वाला अनुमानित व्यय का विवरण</u> – अनुमानतः एक स्वास्थ्य मेले में लगभग 5000 लोगों का आगमन होगा जिनके चेकअप, निःशुल्क दवाई एवं अन्य वांछित सामग्री के वितरण कार्यकर्ताओं के मानदेय आदि पर अनुमानित निम्नवत व्यय किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, पम्पलेट, प्रचार–प्रसार पर व्यय | 20,00,000/– |
| 2 | लिटरेचर, वस्त्र, खाद्य–सामग्री इत्यादि वितरण पर व्यय (5000×1400/–) | 70,00,000/– |
| 3 | टेन्ट, शामियाना, साउण्ड, फर्नीचर, बिजली, पानी, स्टेशनरी, लंच पैकेट का व्यय (7,00,000/– प्रतिदिन से 4 दिन हेतु 7,00,000×4) | 28,00,000/– |
| 4 | गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को लगने वाले टीके दवाईयाँ खरीद, ई0सी0जी, अल्ट्रासाउन्ड इत्यादि टेस्टिंग का व्यय। (1500×5000) | 75,00,000/– |
| 5 | प्रोजेक्ट डायरेक्टर, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, ब्लॉक कोआर्डिनेटर का मानदेय। | 2,00,000/– |
| 6 | डॉक्टरों एवं विषय–विशेषज्ञों का मानदेय | 4,00,000/– |
| 7 | यात्रा व्यय एवं अन्य आकस्मिक व्यय | 1,00,000/– |
| | 04 दिवसीय 01 स्वास्थ्य मेला एवं सहायता शिविर पर होने वाला अनुमानित व्यय। | 2,00,00,000/– (दो करोड़ रूपये मात्र) |
| | भारतवर्ष के समस्त 29 प्रान्तों में आयेजित किये जाने वाले 2900 स्वास्थ्य मेलों एवं सहायता शिविरों पर होने वाला कुल अनुमानित व्यय 2,00,00,000/–रू0 × 2900 | 58,00,00,00,000=00 (पॉच हजार आठ सौ करोड़ रूपया मात्र) |

S. Bhushan Kumar & Associates Chartered Accountants Delhi 509454

(मुरलीधर गौड़)
SECRETARY
Shanti Samaj Sevi Samiti
2/377 Khatrana, Farrukhabad

Scanned with CamScanner